उप.नि.नि (व्यापार) दिल्ली
14/02/2020

एफ.संख्या 01/ एफ.एस.एस.ए.आई./एच.के. टेंडर-डब्ल्यूआर/ 2019-20
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
यूनिट संख्या 902,9वां तल, हॉलमार्क बिजनेस प्लाजा,
गुरुनानक अस्पताल के सामने, बांद्रा (ई.) मुम्बई-400051

दिनांक 13 फरवरी, 2020

निविदा सूचना

पश्चिमी क्षेत्र स्थित एफ.एस.एस.ए.आई. कार्यालय में हाऊस कीपिंग और सुरक्षा कार्य

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की ओर से प्रतिष्ठित और अनुभवी फर्मों से (i) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, यूनिट संख्या 902, हालमार्क बिजनेस प्लाजा, गुरुनानक अस्पताल, बांद्रा ईस्ट, मुम्बई - 400051 और (ii) बी-25/3 एवं 4, सेक्टर-3 जे.एन.पी.टी. टाउनशिप, जे.एन.पी.टी. नाह्वा शेवा, रायगढ़-400707 में हाऊस कीपिंग और सुरक्षा सेवाओं के लिए निर्धारित प्रपत्र में दो निविदा प्रणाली (तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा) में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तें और पूर्व-योग्यता संबंधी मानदण्ड आदि विनिर्दिष्ट हैं, निविदा लागत के प्रति पदनामित अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के पक्ष में मुम्बई में देय किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट के रुप में 50/-रुपये (पचास रुपये मात्र) (अप्रत्यर्पणीय) का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है।

पत्र व्यवहार का पता : निदेशक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, पश्चिमी क्षेत्र, यूनिट सं; 902, 9वां तल, हॉलमार्क बिजनेस प्लाजा, गुरुनानक अस्पताल के सामने, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई -400051

इच्छुक अभिकरणों से अपेक्षा की जाती है कि वे निविदा दस्तावेज, तकनीकी और वित्तीय निविदा अलग-अलग प्रस्तुत करें। सीलबंद आवरण-I, जिसमें "तकनीकी निविदा" और सीलबंद आवरण - II, जिसमें "वित्तीय निविदा" को तीसरे मुहर बंद आवरण, जिस पर "यूनिट सं. 902, 9वां तल, हॉलमार्क बिजनेस प्लाजा, गुरुनानक अस्पताल के सामने, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई -400051 में हाऊसकीपिंग एवं सिक्यूरिटी सेवाओं के लिए निविदा" लिखा हो, में इस प्रकार भेजें कि ये निविदा दस्तावेज 13 मार्च, 2020 तक 1300 बजे तक या इससे पहले पहुंच जाएं।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार होगा।

निदेशक, पश्चिम क्षेत्र, मुम्बई
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण